देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 25 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
निहायत ही शर्मीला जानवर



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 24 अप्रैल 2024



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0°

73738-45

2 दुनिया देखेगी मालदीव क्या चाहता है

7 हार्दिक ने बड़ी गलती का किया खुलासा

# मेरे 90 सेकंड के खुलासे से मची खलबली

## पीएम मोदी ने विरोधियों का दिया तगड़ा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोंक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान के टोंक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे एक 90 सेंडक के भाषण ने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन में खलबली मचा दी है। पीएम मोदी की श्कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र छीनना चाहती हैश वाली टिप्पणी पर छिड़ी बहस के बीच प्रधानमंत्री ने मंगलवार को दोहराया कि उन्होंने देश के सामने सच रख दिया है कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उसे अपने खास लोगों में बांटने की गहरी साजिश रच रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि परसों जब मैं राजस्थान आया था तो अपने 90 सेकंड के भाषण में मैंने कुछ सच्चाइयां देश के सामने रखी थीं। इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन में खलबली मच गई है। मैंने देश के सामने सच्चाई रखी थी कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर अपने खास लोगों को बांटने की गहरी साजिश रच रही है। पीएम ने कहा कि मैंने उनकी वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति को उजागर किया। मेरे इस खुलासे से कांग्रेस और इंडी गठबंधन को इतनी मिर्ची क्यों लग रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पूछा कि आखिर कांग्रेस सच्चाई से इतनी डरती क्यों है? अगर 2014 के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता? पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में आपने मोदी को देश की सेवा करने का अवसर दिया। तब देश ने ऐसे फैसले किए जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन सोचिए कि 2014 के बाद भी और आज भी अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता।

पीएम ने कहा कि अगर कांग्रेस होती तो आज भी जम्मू–कश्मीर में हमारी सेनाओं पर पत्थर फेंके जाते। कांग्रेस होती तो दुश्मन सीमा पार से आते। अगर कांग्रेस होती तो न तो हमारे सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू होती और न ही हमारे पूर्व सैनिकों को एक लाख करोड़ रुपये मिलते। कांग्रेस की सोच हमेशा तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति की रही है। प्रधानमंत्री ने इस पर तगड़ा जवाब देते हुए कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर भी आकर कहेंगे तो भारत का संविधान नहीं बदलेगा।

### कांग्रेस ओबीसी को गाली दे रहें

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी का सिर फोड़ देंगे। माताओं और बहनों को रहते हुए मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है। इनलोगों ने पूरे ओबीसी समाज को गाली दी है।



### धर्म के नाम पर अब नहीं मिलेगा आरक्षण

पीएम मोदी ने कहा कि 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की, लेकिन कानूनी बाधाओं और सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण यह अपनी योजनाओं को पूरा नहीं कर सके। संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण का जो अधिकार बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया, कांग्रेस और इंडी गठबंधन उसे धर्म के आधार पर मुसलमानों को देना चाहते थे। कांग्रेस की इन साजिशों के बीच मोदी आज आपको खुले मंच से गारंटी दे रहे हैं कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण न तो खत्म किया जाएगा और न ही धर्म के नाम पर बंटने दिया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है।

### खुद को राम से ऊपर समझते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जांजगीर चांपा में चुनावी सभा को संबोधित किया है। इस दौरान स्थानीय उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रामनामी समाज के पूर्वजों ने 150 साल पहले ही यह भविष्यवाणी कर दी थी कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कांग्रेस के लोगों ने निमंत्रण का ठुकरा दिया है। कांग्रेस के लोग राम से खुद को ऊपर समझते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने संतों का अपमान किया है। यह पार्टी तुष्टिकरण में लगी है। वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में हैं। तुष्टिकरण के लिए आदिवासियों की संपत्ति भी छीनने में एक भी कांग्रेस एक सेकंड नहीं लगाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनोत्री धाम समेत आस पास के क्षेत्र में बारिश शुरू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में बारिश शुरू हो गई। वहीं, बड़कोट तहसील क्षेत्र में आंधी–तूफान चला। मां यमुना के शीतकालीन पड़ाव खरशालीगांव से मनमोहन उनियाल, पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि बारिश से तापमान में गिरावट आई है। जिससे गर्मी से राहत मिली है।

### हेमकुंड यात्रा मार्ग पर सेना ने शुरू किया बर्फ हटाने का काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
गोपेश्वर। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकोटी में बर्फ हटाने के लिए घांघरिया से रवाना हुई सुबह सेना की टीम अटलाकोटी नहीं पहुंच पाई । बताया कि अटलाकोटी से एक किमी पहले रास्ता क्षतिग्रस्त होने से पहले टीम ने रास्ते की मरम्मत की। दोपहर बाद वर्षा के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। इन दिनों हेमकुंड साहिब में प्रतिदिन मौसम खराब हो रहा है। जल्दी से जल्दी इस मार्ग को साफ करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अरविंद केजरीवाल और के. कविता को कोर्ट से झटका

## अब 7 मई तक बढ़ी दोनों की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को फिर झटका लगा है। ताजा मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी मामले से संबंधित ईडी केस में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। अदालत ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि केजरीवाल और के. कविता को सात मई को दो बजे वीजियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया जाए।

उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च की शाम सीएम केजरीवाल को 2 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह हिरासत में हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री की एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 21 मार्च को उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। अदालत ने 15 अप्रैल को मामले की सुनवाई की, लेकिन ईडी का जवाब आने तक केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया।

बीते सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति व अन्य मामलों में मुख्यमंत्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने की मांग करने वाले कानून के छात्र के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने उनसे पूछा आपको यह वीटो शक्ति कहां से मिलती है? क्या आप संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं? यदि तुमने निर्णय ही कर लिया है तो यहां क्यों आये हो? केजरीवाल को आपकी सहायता या आपके निर्णय की आवश्यकता नहीं है।

### के. कविता की भी न्यायिक हिरासत बढ़ी

सीएम केजरीवाल के साथ ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई केस में बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ा दी है। इसके अलावा आरोपित चनप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत सात मई तक बढ़ाई गई है। तीनों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया था।

# मसाला विवाद पर हरकत में सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया में मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों से जुड़े विवाद पर संबंधित ब्योरा मांगा है। सरकार ने दोनों देशों में मौजूद दूतावासों को इस मामले में रिपोर्ट भेजने को कहा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है।

मंत्रालय ने प्रतिबंध के लपेटे में आने वाली दोनों कंपनियों– एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान किया जाएगा और संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर उसका समाधान किया जाएगा।

### निर्देश

■भारत ने सिंगापुर, हांगकांग से मसाला विवाद पर जानकारी मांगी

### दूतावासों को रिपोर्ट भेजने का निर्देश

अधिकारी ने कहा कि सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से इस संबंध में तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। इसके अलावा सिंगापुर के खाद्य सुरक्षा निकाय और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। निर्यातित मसाला उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड के अनिवार्य परीक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक उद्योग परामर्श का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**
Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# अपना घर दुरुस्त करो, गैरजरूरी महंगी दवाएं लिखते हैं डाक्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पतंजलि के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन की शिकायत करने वाली आइएमए को भी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घेर लिया। कोर्ट ने आइएमए से कहा कि उन्हें भी अपना घर दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्हें अपने सदस्यों के अनैतिक आचरण पर ध्यान देना चाहिए, जो महंगी और गैरजरूरी दवाइयां लिखते हैं। इतना ही नहीं, कोर्ट ने सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए एफएमसीजी कंपनियों को भी शामिल कर लिया है।

सुको ने कहा कि एफएमसीजी भी भ्रामक विज्ञापन दे रही हैं, जो जनता को भ्रमित कर रहे हैं। शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से राज्यों को मेडिसिन एंड ड्रग्स एक्ट के नियम 170 के तहत कार्रवाई न करने के लिए अगस्त 2023 में लिखे गए पत्र पर जवाब मांगा है। उधर बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने जब कोर्ट को बताया कि उनकी ओर से अखबारों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी गई है तो कोर्ट ने सवाल किया कि क्या आपकी माफी का आकार भी आपके विज्ञापन जितना बड़ा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए पर भी उठाया सवाल

# इजरायल और ईरान युद्ध में खुली मेड इन चाइना हथियारों की पोल

## निकले फिसड्डी, आधे तो लॉन्च में ही हो गए फेल

रिपोर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बीजिंग। ईरान ने इजरायल पर 13 अप्रैल को बड़ा हमला किया। ईरान और इजरायल के बीच जारी हमले और तनातनी के बीच दशकों से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की भार झेल रहे ईरान को सशक्त बनाने और क्षेत्र में संघर्ष भड़काने में चीन की भूमिका अब सवालों के घेरे में आ गई है। इसके साथ ही चीन की रक्षा तकनीक की भी पोल खुल गई है। दुनिया को पता चल गया है कि चीन की रक्षा तकनीक कितनी फिसड्डी है। दरअसल, ईरान पर लगे प्रतिबंध के बाद भी उसे मिसाइल तकनीक साझा कर चीन ने उसे सशक्त बनाने की कोशिश की। चीन ने 1994–95 में ईरान को मिसाइल तकनीक में बेहतर बनाने के लिए कई तरह की सुविधा मुहैया कराई, उसे तकनीक और साथ ही इससे जुड़े उपकरण भी मुहैया कराए।



मिसाइल को दिशा देने के लिए साथ ही इसके निर्माण और परीक्षण के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे जाइरोस्कोप, एक्सेलेरोमीटर और परीक्षण उपकरण तक चीन ने ईरान के रक्षा उद्योग संगठन को बेचे। जिसके जरिए ईरान ने अपनी मिसाइल क्षमता को बढ़ाने के साथ ही स्वदेशी उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाया। एस्फहान के पास स्थित ईरान की सबसे बड़ी मिसाइल फैक्ट्री चीन की सहायता से बनाई गई थी। यही नहीं चीन ने तेहरान के पूर्व में एक बैलिस्टिक मिसाइल संयंत्र और परीक्षण रेंज बनाने में भी ईरान की मदद की। ऐसे में ईरानी मिसाइलों के नई रेंज में सीधे तौर पर चीनी तकनीक का प्रभाव नजर आने लगा है। अब ईरान द्वारा इजरायल पर हमले के दौरान जो रिपोर्ट्स आई उसकी मानें तो लगभग 50 फीसदी ईरानी मिसाइल लॉन्च होने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रही। जिसने ईरान को दिए गए चीनी मिसाइल तकनीक की पोल खोल दी और चीन की रक्षा तकनीक भी सवालों के घेरे में आ गई है। एक रिपोर्ट की मानें तो ईरान ने इजरायल के खिलाफ 170 ड्रोनों से 13 अप्रैल को हमला किया और इजरायल ने सभी को रोक दिया। इन 120 में से 108 बैलिस्टिक मिसाइल थे, जिनको प्रभावहीन कर दिया गया। इसके साथ ही 30 क्रूज मिसाइलों को भी इजरायल द्वारा रोक दिया गया। ऐसे में ईरान की यह विफलता उन देशों के लिए चेतावनी है जो चीनी रक्षा आयात पर भरोसा करते हैं। द स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टीट्यूट के अध्ययन की मानें तो पिछले कुछ वर्षों में चीन से ईरान ने हथियारों का आयात कम कर दिया है और इसकी सबसे बड़ी वजह चीनी हथियारों की गुणवत्ता में कमी है। ईरान ही नहीं चीनी सैन्य उपकरणों की कमियों को पाकिस्तान, नाइजीरिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे कई और देशों ने भी अनुभव किया है।

## न्यूज डायरी



### ईरान के साथ बिजनस किया तो खैर नहीं: अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। इजरायल के साथ युद्ध जैसे हालात के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी का जोरदार करने पर अमेरिका ने पाकिस्तान की शहबाज सरकार को खुली धमकी दी है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी करके पाकिस्तान और ईरान के बीच बिजनस डील पर प्रतिबंधों के संभावित खतरे की चेतावनी दी। अमेरिका ने यह चेतावनी ऐसे समय पर दी है जब ईरानी राष्ट्रपति पाकिस्तान के दौरे पर हैं और दोनों देशों ने प्रण किया है कि आपसी व्यापार को 10 अरब डॉलर तक पहुंचाया जाएगा। पाकिस्तान ने यह वादा ऐसे समय पर किया है जब इजरायल पर हमले के बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कई नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही कहा, हम ऐसे सभी देशों को सलाह दे रहे हैं जो ईरान के साथ बिजनस करने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे देशों को प्रतिबंधों के संभावित खतरे के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अमेरिकी प्रवक्ता ने पाकिस्तान के साथ व्यापार पर कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। यही नहीं अमेरिका पाकिस्तान में निवेश करने वाले सबसे निवेशकों में शामिल है। अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा, हम पिछले 20 साल से पाकिस्तान में सबसे बड़े निवेशक हैं। पाकिस्तान की आर्थिक सफलता हमारे भी हित में है और हम अपनी भागीदारी को बनाए रखने को लेकर आशान्वित हैं। इस तरह से उन्होंने पाकिस्तान और अमेरिका के बीच आर्थिक रिश्तों के महत्व पर जोर दिया।

### यूरोप जाने वाले भारतीयों के लिए आई खुशखबरी, शेंगेन वीजा के बदले नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। यूरोप जाने वाले भारतीयों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। यूरोपीय आयोग ने शेंगेन वीजा चाहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एक नई वीजा कैस्केड की व्यवस्था शुरू की है। यह लंबी अवधि के साथ एक से ज्यादा बार प्रवेश की इजाजत देता है। 18 अप्रैल से प्रभावी होने वाली यह नई व्यवस्था वीजा कोड के स्टैंडर्ड नियमों की जगह लेती है, जिससे भारतीय यात्रियों को लाभ मिलेगा। नए नियम के तहत अगर यूरोप में रहने वाले भारतीय नागरिकों ने पिछले तीन वर्षों के अंदर कानूनी रूप से दो वीजा प्राप्त करके उनका उपयोग किया है तो उन्हें दो वर्षों के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा दिया जा सकता है। यह वीजा शुरुआत में दो साल के लिए होगा। इसके बाद इसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए शर्त यह है कि पासपोर्ट अगले पांच वर्षों के लिए वैध हो। नया वीजा मिलने के बाद यात्री 90 दिनों तक के एक छोटे प्रवास के लिए शेंगेन क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से घूम सकते हैं। हालांकि अगली बार फिर यूरोप में आने के लिए 180 दिनों का इंतजार करना होगा। लेकिन इससे सबसे बड़ी सुविधा ये है कि बार–बार वीजा अप्लाई नहीं करना पड़ेगा। शेंगेन क्षेत्र में यूरोपीय संघ के 25 देशों के साथ 29 यूरोपीय देश शामिल हैं। यानी एक ही वीजा के जरिए इन देशों में जाया जा सकता है।

### भारत की गीता सभरवाल इंडोनेशिया में यूएन रेसीडेंट को–ऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यूनाईटेड नेशन्स। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक के रूप में नियुक्त किया है। उन्होंने पदभार संभाला। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा है कि गीता सभरवाल के पास जलवायु परिवर्तन, स्थायी शांति, शासन और सामाजिक नीति का समर्थन करने वाले विकास में लगभग 30 वर्षों का अनुभव है, जबकि एसडीजी में तेजी लाने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और डेटा का लाभ उठाया जा रहा है।बयान में कहा गया है कि मेजबान सरकार की मंजूरी से सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र के स्थानीय समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। सभरवाल ने अपने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अभी जकार्ता में उतरी! बहुत सम्मानित महसूस हो रहा है, क्योंकि मैं यूएन रेजिडेंट को–ऑर्डिनेटर के रूप में यूएन इन इंडोनेशिया के माध्यम से इंडोनेशिया की सरकार और लोगों के साथ–साथ क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक में 26 संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के साथ एसडीजी के समर्थन में सेवा करने के लिए उत्सुक हूं।

## अब दुनिया देखेगी मालदीव क्या चाहता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के संसदीय चुनाव में भारत विरोधी मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को प्रचंड जीत हासिल हुई है। मुइज्जू चीन समर्थक नेता हैं, जो भारत विरोध के दम पर पिछले साल राष्ट्रपति बने हैं। संसदीय चुनाव में जीत के बाद एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला है। मुइज्जू ने जीत के बाद एक रैली को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि छक्क की लगातार जीत के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब समझ जाएगा कि मालदीव के लोग कहां खड़े हैं। भले ही उन्होंने अपने भाषण में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बात कही हो, लेकिन उनका इशारा सीधे तौर पर भारत के लिए था।

मुइज्जू ने कहा, मालदीव के बाहर हर किसी के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय में हर किसी के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि हम अपने मामलों का फैसला खुद करना चाहते हैं। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान मुइज्जू का पूरा अभियान पिछली सरकार की विदेश नीति पर केंद्रित था। तब मुइज्जू बार–बार दावा करते रहे हैं कि भारत मालदीव के आंतरिक मामलों को प्रभावित कर रहा है। संसदीय चुनाव अभियान के दौरान भी वह विपक्ष को राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता न देने और दूसरे देशों के साथ साजिश रचने का आरोप लगाते रहे।



### मलेशियाई नेवी के दो हेलीकॉप्टर की हवा में टक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कुआलालांपुर। मलेशियाई रॉयल नेवी के दो हेलीकॉप्टर मंगलवार को अभ्यास के दौरान हवा में टकरा गए। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई है। मलेशियाई नौसेना ने एक बयान में बताया है कि रॉयल नेवी की परेड के लिए अभ्यास के दौरान ये हादसा हुआ। नौसेना ने कहा, हादसा मंगलवार सुबह 9.32 बजे पश्चिमी राज्य पेराक के लुमुट नौसैनिक अड्डे पर हुई और मारे गए सभी 10 लोग चालक दल के सदस्य थे। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। घटना के वीडियो में दिख रहा है कि दोनों हेलीकॉप्टर हवा में उड़ रहे थे, इसी दौरान उनमें से एक का अगला हिस्सा दूसरे के पिछले रोटर से टकरा गया, जिसके बाद दोनों नीचे गिर गए। नेवी ने बताया, सभी पीड़ितों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## कश्मीर की रट लगा भारत और ईरान की दोस्ती में फूट डालना चाहते थे शहबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर पर जिक्र नहीं किया

रियाद। कश्मीर की रट लगा रहे पाकिस्तान को अब एक और मुस्लिम देश ने बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तान की यात्रा पर पहुंचे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की नापाक चाल को फेल कर दिया। दरअसल, पाकिस्तानी पीएम ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान गाजा और कश्मीर का जिक्र किया और ईरानी राष्ट्रपति से कश्मीर के मुद्दे पर जबरिया समर्थन हासिल करने की कोशिश की। शहबाज शरीफ की इस नापाक चाल को ईरानी राष्ट्रपति तुरंत भांप गए और उन्होंने गाजा का उल्लेख किया लेकिन कश्मीर का नाम तक नहीं लिया। ईरानी राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने में सफल रहे।

ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर पर यह संतुलन ऐसे समय पर बनाया है जब भारत और ईरान के बीच रिश्ते इन दिनों बहुत शानदार चल रहे हैं। भारत ने जहां ईरान के चाबहार बंदरगाह में अरबों रुपये का निवेश किया है, वहीं फलस्तीन के मुद्दे पर भी भारत और ईरान के बीच हाल ही में व्यापक बातचीत हुई है। भारत और ईरान के व्यापार भी बढ़ रहा है। भारत ईरान के रास्ते रूस तक अपना माल पहुंचा रहा है। इससे रूस से भारत के मुंबई बंदरगाह के बीच सीधी कनेक्टविटी हो गई है। शहबाज शरीफ ने गाजा और कश्मीर के हालात को एक करके दिखाने की असफल कोशिश की। यही नहीं ईरानी राष्ट्रपति को कश्मीर के लिए आवाज उठाने हेतु धन्यवाद तक दे दिया।

वहीं इसके ठीक बाद ईरानी राष्ट्रपति राईसी ने अपना बयान दिया। राईसी ने गाजा का खुलकर जिक्र किया है लेकिन कश्मीर पर एक शब्द नहीं बोले। इससे शहबाज शरीफ चेहरे से रंगत ही गायब हो गई। शहबाज शरीफ की ईरान और भारत के बीच रिश्ते में दरार डालने की चाल बुरी तरह से फेल हो गई।

### ऋषि सुनक ने पूरा किया अपना वादा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की संसद ने विवादित रवांडा डिपोर्टेशन बिल पारित कर दिया है। संसद के दोनों हंगामे के बीच इस बिल को पारित कर दिया गया। उन्होंने पीएम बनने से पहले रवांडा पॉलिसी लागू करने का वादा किया था। ऋषि सुनक ने जानकारी दी कि 10 से 12 हफ्तों के भीतर ब्रिटेन से अवैध शरणार्थियों के पहले जत्थे को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। इसके लिए ब्रिटेन सरकार ने कमर्शियल चार्टर प्लेन बुक किए हैं ताकि उसके जरिए शरणार्थियों के रवांडा भेजा जा सके। वर्षों में इंग्लिश चौनल को पार करके रवांडा से हजारों शरणार्थी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी से मार्च के बीच इंग्लिश चौनल पार कर ब्रिटेन पहुंचने वालों की संख्या 4600 से ज्यादा हो चुकी है।


बता दें कि अप्रैल 2022 में ब्रिटेन और रवांडा के बीच असाइलम पॉलिसी पर एग्रीमेंट हुआ था। इस एग्रिमेंट के जरिए ब्रिटेन ने रवांडा को 12 करोड़ पाउंड दिए थे।

**Page Three**
**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# यात्रा मार्ग में घोड़े- खच्चरों के रात्री विश्राम पर प्रतिबंध

**निर्देश**

## जिलाधिकारी ने किया श्री केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक पैदल निरीक्षण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने श्री केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं तैयारी का जायजा लिया। यात्रा मार्ग पर सेंचुरी एरिया एवं वन क्षेत्र में घोड़े–खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने पूरे यात्रा मार्ग में घोड़े– खच्चरो के रात्रि विश्राम को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं डेंजर जोन में किसी भी हाल में दुकान एवं फड़ न लगने देने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने श्री केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसियों से प्रगति रिपोर्ट जानी। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर गोल चबूतरे, मंदाकिनी एवं सरस्वती घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों के अलावा



अन्य निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए आगामी यात्रा से पहले सभी प्राथमिक सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इसके साथ ही आस्था पथ, वाटर एटीएम सहित अन्य कार्य भी यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर बिजली– पानी, स्ट्रीट लाइट, रेन शेड, रेलिंग एवं मार्ग से जुड़े सभी कार्य यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर घोड़े– खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति की भरपाई एवं सेंचुरी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गौरीकुंड से लेकर श्री केदारनाथ धाम स्थित घोड़ा पड़ाव तक घोड़े– खच्चरों के रात्री विश्राम पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही टेंट या दुकानों की आड़ में भी घोड़े– खच्चरों को यात्रा मार्ग पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि माननीय न्यायालय ने सेंचुरी क्षेत्रों में घास के मैदानों का दोहन किसी भी हाल में न होने देने के आदेश दिए हैं। ऐसे में श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर घोड़े– खच्चर एवं उनके मालिकों द्वारा अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर वन संपदा के दोहन को रोकने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। इस वर्ष से घोड़े–खच्चर केवल घोड़ा पड़ावों पर ही विश्राम कर सकेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले घोड़े– खच्चर मालिकों एवं व्यवसाइयों पर भारी जुर्माना एवं लाइसेन्स रद्द करने तक की कार्रवाई का प्रावधान रखा जाएगा।

जिलाधिकारी ने घोड़े– खच्चरों एवं उनके मालिकों की सुविधा के लिए छोटी लिंचोली के समीप घोड़ा पड़ाव बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश लोनिवि को दिए हैं। ताकि अवैध जगहों के स्थान पर प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे सुविधाजनक स्थानों पर घोड़े– खच्चर रह सकें।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने पेशावर कांड में शहीद हुए शहीदों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर पेशावर कांड में शहीद हुए शहीदों को याद किया गया तथा उन्हें भाविनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि आज हम पेशावर कांड के शहीदों को तो याद कर रहे हैं लेकिन हमारा परम कर्तव्य हो जाता है कि इस कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को भी हम याद कर करें क्योंकि गढ़वाली ने ही निहत्थे आंदोलनकारीयों पर गोली चलाने से साफ इनकार कर दिया था देशभक्ति उन में कूट–कूट कर भरी हुई थी ऐसे योद्धा बहुत कम होते हैं। पेशावर कांड में शहीद हुए शहीदों को याद करने वालों में प्रमुख रूप से प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, प्रभात डंडरियाल, प्रदीप कुकरेती, विपुल नौटियाल ,इम्तियाज अहमद, सुशील विरवानी, राम सिंह प्रधान, संदीप गुप्ता ,नूर नाज ,दानिश नूर, उपस्थित रहे।

### ट्रैवल बुकिंग पर शानदार डिस्काउंट के साथ ईजमायट्रिप ने शुरू की ईजी समर सेल

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफार्मों में से एक ईजमायट्रिप डॉट कॉम ने ईजी समर सेल की शुरुआत की है, जो एक विशेष ग्रीष्मकालीन सेल है जो यात्रा सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर भारी छूट दे रही है। यह सेल 23 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 तक चलेगी और यात्रियों को फ्लाइट्स, होटल, बस टिकट, कैब किराए और हॉलिडे पैकेजों पर आकर्षक डील्स के साथ एडवेंचर का एक एक्स्ट्रा डोज देने के लिए डिजाइन की गई है। ईजी समर सेल के दौरान ग्राहक हवाई यात्रा में 27 प्रतिशत, होटल 60 प्रतिशत, बसें 15 प्रतिशत, कैब 12 प्रतिशत, हॉलिडे 30,000 तक की छूट पा सकते है। इन शानदार छूटों का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक ईजमायट्रिप ऐप या वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग करते समय कूपन कोड ईएमटीसमर का उपयोग कर सकते हैं।

### विकास लाइफकेयर लिमिटेड के एग्रो प्रोडक्ट्स डिवीजन को मिले 50 करोड़ के ऑर्डर

**संवाददाता** देहरादून। विकास लाइफकेयर लिमिटेड को अपने एग्रो प्रोडक्ट्स डिवीजन के लिए महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इस डिवीजन को लगभग 50 करोड़ रुपये मूल्य के चावल का ऑर्डर मिला है, जो प्रीमियम और ऑर्गेनिक चावल सेगमेंट में इसकी उपस्थिति को मजबूत करेगा। इन मौजूदा आर्डरों में से, 40 करोड़ रुपये प्रीमियम किस्मों के चावल को प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष 10 करोड़ रुपये के ऑर्डर ऑर्गेनिक किस्मों के चावल के लिए हैं। कंपनी के एग्रो प्रोडक्ट्स डिवीजन ने चालू वित्त वर्ष के लिए 450 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो 20 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि का लक्ष्य है।

# एसडीएम ने कैमल बैक सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया

**संवाददाता** देहरादून। कैमल बैक रोड पर लंबे समय से पेयजल निगम के द्वारा सीवर खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम डा. दीपक सैनी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम ने निरीक्षण के बाद बताया कि सीवर लाइन बिछाने को रोड को खोदा गया है लेकिन मार्ग संकरा होने के कारण वहां पर आने जाने में आम जनता को परेशानी हो रही है लेकिन रोड पर हार्ड रॉक आने के कारण खुदाई में विलंब हो रहा है। एसडीएम डा. दीपक सैनी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि वह प्रतिदिन कार्य प्रगति की रिपोर्ट दें ताकि पता चल सके कि कितना कार्य हो चुका है वहीं निर्देश दिए कि आने जाने वालों की सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेटिग करने के साथ ही रिफलेक्टर वाले कॉशन टेप लगायी जाय ताकि किसी को परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि कुछ काम किया जा चुका है व अभी पचास से साठ मीटर का कार्य अभी और होना है। वहीं जनता से भी अनुरोध किया कि वे इस रास्ते का उपयोग न करे बहुत जरूरी होने पर उपयोग करें व कार्यस्थल पर सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि अभी करीब 15 दिन लगेंगे व कोशिश होगी कि सीजन से पूर्व कार्य पूरा कर लिया जाय। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राजेश नैथनी सहित जल निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### आपदा से निपटने को मॉक अभ्यास का करें अयोजन

**संवाददाता** चमोली। चारधाम यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा की घटना घटित होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को अमल में लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मॉक अभ्यास किया जाएगा। इसके अतंगर्त चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलों में 30 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 02 मई को मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। मॉक अभ्यास को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से आपदा प्रबंधन कार्यो का प्रस्तुतीकरण देते हुए राहत एवं बचाव तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं के प्रति सजग करते हुए आपदा से निपटने के लिए मॉक अभ्यास का पूरी तैयारी के साथ अयोजन कराने पर जोर दिया।

# धार्मिक परम्पराओं के साथ खुले सिद्धपीठ लाटू मंदिर के कपाट

**संवाददाता**

चमोली। चमोली जनपद के देवाल विकासखंड के वांण गांव में स्थित माँ नंदा के धर्म भाई लाटू देवता मंदिर के कपाट मंगलवार को विधि विधान से खोल दिए गए हैं। मंदिर में सुबह से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के बाद दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर मंदिर के पुजारी खीम सिंह बिष्ट ने मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए है। अब आगामी छह माह तक श्रद्धालु यहां दर्शनों के साथ लाटू देवता की पूजा अर्चना कर सकेंगे।

वांण में लाटू मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर जहां धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीणों ने ढोल और दमाऊ की



थाप पर जागरों के साथ झोडा, झुमेला लोकनृत्य कर खुशी व्यक्त की। कपाट खुलने के मौके पर मंदिर परिसर लाटू देवता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

इस मौके पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, ब्लाक प्रमुख दर्शन दानू, जिला पंचायत सदस्य कृष्णा सिंह, लाटू मन्दिर समिति अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट, चन्द्र सिंह, पंडित हरिश्चन्द्र कुनियाल, हीरा सिंह गढ़वाली, देवेंद्र सिंह बिष्ट, खिलाफ सिंह, रंजीत सिंह और नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### हरीश रावत करते हैं सनातन पर ढ़ोंगः चौहान

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सनातन को लेकर ढोंग करते हैं और तुष्टिकरण के लिए हनुमान जयंती के रूट को बदलने की पैरवी कर रहे हैं।
मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए चौहान ने कहा कि हरीश रावत तुष्टिकरण की राजनीति करते करते सनातन विरोधी भगवनाओं को हवा देने मे जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि हरदा शांतिपूर्ण और सभी पक्षों से संयम की अपील के बजाय जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को निशाने पर ले रहे हैं। उन्होंने प्रशासनिक मशीनरी को धमकाने के लिए भी पूर्व सीएम हरीश रावत की कड़ी निंदा की। कहा कि हार को सामने देख कांग्रेस के नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी धमकियों से कानूनी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होने वाली है और भाजपा संवैधानिक सिस्टम और जनता के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

*हम तो छोटे है अदब से सर झुका लेंगे जनाब, बड़े ये तय कर ले कि उन में बड़प्पन कितना है।–अज्ञात*



पेज थ्री
www.page3news.in

# बढ़ी हुई दावेदारी

**राजनीतिक अंतर्विरोध इस बार पार्टियों पर खास परिवारों के दबदबे की ही नहीं, एक परिवार के अंदर विरासत पर अलग–अलग दावेदारी की भी झलक दे रहा है। यह सबसे स्पष्ट रूप में बारामती सीट पर दिख रहा है, जो पिछले करीब छह दशकों से शरद पवार का गढ़ रही है।**

गुलशन राय खत्री।।

जिन कुछेक राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव के समीकरण सबसे ज्यादा जटिल माने जा रहे हैं, उनमें महाराष्ट्र प्रमुख है। इसी जटिलता का ताजा उदाहरण है पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम का पार्टी से अलगाव सार्वजनिक होने के बाद पूर्वघोषणा के बावजूद यह न बता पाना कि वह किस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। गुरुवार को वह इसकी घोषणा करने वाले थे, लेकिन यह कहते हुए दो–तीन दिनों का और वक्त ले लिया कि अब उसकी कोई जल्दी नहीं है।

अनिश्चितता के पीछे सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि अभी महायुति यानी ठश्रच और उसके अन्य सहयोगी दलों में भी सीटों के बंटवारे पर पूरी सहमति नहीं बन पाई है। इससे कई सीटों पर यह निश्चित नहीं हो पा रहा कि वह आखिरकार किस दल के हिस्से में जाएगी और एनडीए प्रत्याशी को किस निशान पर चुनाव लड़ना होगा।

इस बार का चुनाव इस मायने में खास है कि प्रदेश के दो प्रमुख दल शिवसेना और एनसीपी– दोफाड़ होकर आमने–सामने हैं। ऐसे में सीटों को लेकर पारंपरिक दावे पुराने रूप में नहीं रह गए हैं। दोनों खेमों में हर सीट पर न केवल दलों के बीच दावेदारी बढ़ी हुई है बल्कि संभावित प्रत्याशियों की संख्या भी ज्यादा है। नतीजतन, यह रस्साकशी नेताओं के पार्टी छोड़ने की वजह तो बन ही रही है, कई सीटों पर इसने विचित्र स्थिति पैदा कर दी है। उदाहरण के लिए, विदर्भ की बुलढाणा सीट को लिया जा सकता है, जो महायुति में शिंदे सेना को दी गई, लेकिन उस पर बीजेपी की भी दावेदारी थी।



पार्टी के झुकने के बावजूद स्थानीय बीजेपी नेता ने वहां से पर्चा भर दिया। दिलचस्प है कि उस नेता ने दो पर्चे भरे हैं एक बीजेपी नेता के रूप में और दूसरा निर्दलीय के तौर पर। यह स्थिति आगे चाहे जो भी रूप ले, इतना तो स्पष्ट है कि चुनावी समीकरणों के अंतर्विरोध को साधना विभिन्न पार्टियों के नेतृत्व के लिए आसान साबित नहीं हो रहा।

राजनीतिक अंतर्विरोध इस बार पार्टियों पर खास परिवारों के दबदबे की ही नहीं, एक परिवार के अंदर विरासत पर अलग–अलग दावेदारी की भी झलक दे रहा है। यह सबसे स्पष्ट रूप में बारामती सीट पर दिख रहा है, जो पिछले करीब छह दशकों से शरद पवार का गढ़ रही है। इस बार यहां इसी परिवार के दो अहम सदस्य बेटी सुप्रिया सुले और बहू सुनेत्रा पवार– आमने सामने हैं। जहां सुप्रिया पिता शरद पवार की ओर से लड़ रही हैं, वहीं सुनेत्रा अपने पति अजित पवार के नाम पर वोट मांग रही हैं।

जाहिर है, कम से कम महाराष्ट्र में यह चुनाव केंद्र की अगली सरकार तय करने में भूमिका ही नहीं निभाएगा, प्रदेश राजनीति के स्वरूप और उसकी राजनीतिक संस्कृति को भी नए ढंग से परिभाषित कर सकता है।

## तीन परिक्रमा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** लोगों ने लड़के के मरने की बात बता दी। कमल दास ने सोचा कोई बीमारी होती तो ठीक था पर ये तो मर गया है। अब क्या करें! फिर भी सोचा लाओ कुछ करके देखते हैं। शायद बात बन जाए। कमल दास ने कमंडल उठाया। लाश की तीन परिक्रमा की। फिर तीन बार गंगा जल का कमंडल से छींटी मारा और तीन बार राम नाम का उच्चारण किया। लड़का देखते ही देखते उठकर खड़ा हो गया। लोगों की खुशी की सीमा न रही। इधर संत को किसी ने बताया कि आपके कुटिया की ओर गांव के जमींदार और सभी लोग गए हैं। कबीर जी झटकते कदमों से बढ़ने लगे। उन्हें रास्ते में ही लोग नाचते कूदते मिले। कबीर जी कुछ समझ नही पाए। आकर कमल दास से पूछा क्या बात हुई? तो कमल दास तो कुछ और ही बताने लगा। शेष कल...

## संपादकीय

### कर्जन रोड का किस्सा

खास बात यह है कि दिसंबर 1901 में जब उनके आने की खबर गढ़वाल पहुंची तो सारा प्रशासन हरकत में आ गया। गांवों में काम बंद गए। ग्रामीणों को रात–दिन बेगार में झोंक कर मात्र तीन माह में मध्य और ऊपरी हिमालय के कई सुरम्य स्थलों को समेट कर 200 किलोमीटर लंबा छह फुटा ट्रैक बना दिया। यह आज भी कर्जन रोड के नाम से जाने जाता है और इसे नापने में कम से कम 12 से 15 दिन लग जाते हैं। हालांकि आज इस क्षेत्र के अधिकांश गांव मोटर मार्ग से जुड़ चुके हैं और कर्जन ट्रैक जीर्ण–शीर्ण होकर कई स्थानों पर गुम हो चुका है। कहा जाता है कि स्नो लेपर्ड और स्नो बियर देखने का कर्जन का सपना पूरा न हो सका और बीमार होने के कारण वह आधे रास्ते से ही लौट गए। तो क्या नीचे घाटियों से गुजर कर हिम तेंदुआ हिमालय के एक शानदार ट्रैक के जीर्णोद्धार का संदेश छोड़ गया?

**विचरण के लिए इतनी कम ऊंचाई इस जानवर के स्वभाव से जरा भी मेल नहीं खाती। नंदा देवी बायोस्फेयर क्षेत्र के जानकार इस वाकये को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर भी देख रहे हैं।**

# निहायत ही शर्मीला जानवर

व्योमेश चन्द्र जुगरान।।

जोशीमठ के पास स्नो लेपर्ड का नजर आना किसी हिमालयी राज्य के संदर्भ में वाइल्ड लाइफ की अनूठी घटना है। लोगों के बीच किसी मिथक की तरह किस्से कहानियों का पात्र हिम तेंदुआ अमूमन स्नो लाइन के पार यानी 10 हजार फुट की ऊंचाई पर पाया जाता है। मनुष्य को देखकर तुरंत छिप जाने वाला निहायत ही शर्मीला जानवर है यह। फरवरी के दूसरे सप्ताह जोशीमठ के निकट तपोवन–विष्णुगाड परियोजना क्षेत्र में लोगों ने हिम तेंदुए को विचरते देखा, तो अचरज लाजमी था। यह साइट करीब 4,500 फुट की ऊंचाई पर है। विचरण के लिए इतनी कम ऊंचाई इस जानवर के स्वभाव से जरा भी मेल नहीं खाती। नंदा देवी बायोस्फेयर क्षेत्र के जानकार इस वाकये को जलवायु परिवर्तन से जोड़कर भी देख रहे हैं।

निचले स्थलों पर बर्फ का बढ़ता जमाव शायद स्नो लेपर्ड को भी नीचे खींच लाया और फिर शिकार की तलाश में उसके कदम बस्ती की ओर मुड़ गए हों। हालांकि बर्फ के अभ्यस्त ऊनी पैरों और भारी–भरकम पंजों वाला यह जीव चट्टानी और पथरीली राहों पर अधिक देर तक टिका नहीं रह सकता। माना जा रहा है कि वह जल्ध्द ही अपनी परंपरागत रिहाइश को लौट गया होगा क्योंकि इलाके में वह फिर नहीं दिखा।



हिम तेंदुआ कुछ हद तक स्लेटी फर वाला एक निहायत खूबसूरत जानवर है। सामान्य तेंदुए के मुकाबले यह छोटा होता है, पर पूंछ लंबी होती है। इसकी खाल पर मोटे धब्बे होते हैं और यह अमूमन सवा मीटर लंबा होता है। 'स्नो लेपर्ड पॉपुलेशन असेसमेंट' की 2019 की रिपोर्ट में भारत के हिमालयी क्षेत्र में कुल 718 हिम तेंदुओं का अनुमान लगाया गया है। इसमें 124 के करीब उत्तराखंड में बताए जाते हैं। उत्तरकाशी जिले का गंगोत्री नैशनल पार्क और चमोली जिले का नंदा देवी नैशनल पार्क उनकी पसंदीदा रिहायश है।

उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में ट्रेनर रहे रतन सिंह बताते हैं कि गंगोत्री के भोजवासा क्षेत्र में स्नो लेपर्ड से उनका कई बार सामना हुआ। वह दिखते ही छिप गया। करीब 15 हजार फुट पर चट्टानों पर रहने वाला भरल (सीगों वाला हिरण जैसा पशु) हिम तेंदुए का पसंदीदा शिकार है। इसके अलावा बुग्यालों में चरती भेड़ें भी उसका निवाला होती हैं। आम तेंदुए अधखाए शिकार के आसपास मंडराते रहते हैं और भूख लगने पर इसे फिर खा लेते हैं, वहीं हिम तेंदुआ अपना ही छोड़ा हुआ बासी मांस बिल्कुल नहीं खाता। उसे ताजा शिकार की आदत होती है।

तपोवन–विष्णुगाड परियोजना क्षेत्र के ग्रामीण भले ही हिम तेंदुए को विचरते देख दहशत में आ गए हों, पर इसे देखना वन्यजीव प्रेमियों के लिए किसी सपने की तरह होता है। वर्ष 1899 से 1905 तक ब्रिटिश भारत के वायसराय रहे लॉर्ड कर्जन के बारे में कहा जाता है कि वह 1902 में स्नो लेपर्ड और स्नो बीयर को देखने की ख्वाहिश में गढ़वाल आए थे।

### सूडोकू नवताल-5410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### जल अनिवार्य आवश्यक घटक

**मोहन।** सम्पूर्ण इतिहास में मानव सभ्यता की प्रगति में जल ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। मानव सहित समस्त जीव–जंतुओं के अस्तित्व के लिए जल अनिवार्य आवश्यक घटक है। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों के कारण भारत सहित दुनिया के कई देशों में जल का संकट गहराता जा रहा है। तापमान में हो रही वृद्धि तथा वैश्विक और क्षेत्रीय वर्षा पैटर्न स्थिति में परिवर्तन के कारण खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को आयोजित होने वाला विश्व जल दिवस, मीठे पानी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक वार्षिक संयुक्त राष्ट्र दिवस है। इसका उद्देश्य सुरक्षित पानी तक पहुंच के बिना रहने वाले लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व जल दिवस का मुख्य फोकस सतत विकास लक्ष्य 6 की उपलब्धि का समर्थन करना और 2030 तक सभी के लिए पानी और स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करना है। विश्व जल दिवस 2024 का विषय "शांति के लिए जल का लाभ उठाना"।





## बिग बॉस के नाम पर मनीषा रानी हुई थीं कास्टिंग काउच का शिकार

जब से मनीषा रानी बिग बॉस ओटीटी 2 हाउस से बाहर आई हैं, तब से उन्हें अपने फैंस से अपार प्यार मिल रहा है। झलक दिखला जा 11श में अपनी जीत से लेकर बिहार में नई प्रॉपर्टी खरीदने तक, वह इंडस्ट्री में सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गई हैं। लेकिन करियर में उनके लिए चीजें आसान नहीं रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में मनीषा ने अपने कास्टिंग काउच के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक मीडिया पोर्टल से बात करते हुए मनीषा रानी ने याद किया कि कैसे उन्हें एक दुखद परिस्थिति का सामना करना पड़ा था और उन्हें बिग बॉस में भेजने का वादा किया गया था। मनीषा रानी ने खुलकर बात की और बताया कि एक बार उन्हें एक अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा जब उनकी मुलाकात एक ऐसे आदमी से हुई जिसने खुद को बिग बॉस की टीम का हिस्सा होने का दावा किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें उसका नंबर उन लोगों से मिला जिन्हें वह जानती थीं और फिर उसने उनके साथ अपने डांस वीडियो शेयर किए। मनीषा ने कहा कि उस लड़के ने उन्हें बहुत उम्मीदें दीं और उन्हें बिग बॉस में भेजने का आश्वासन दिया। झलक दिखला जा 11 की विनर ने आगे कहा, हम एक बार बिहार में थे तो उस समय जब हम घर गए 4–5 दिनों के लिए, लेकिन वो हमको उस समय फोन किया कि तुमको कलर्स पर नहीं जाना, तुमको बिग बॉस नहीं करना, घर जाके बैठ गई, तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसके लिए हम स्पेशली टिकट लेकर मुंबई आए कि मेरा तो बिग बॉस होने वाला है।

## रणवीर सिंह ने एआई जेनरेटेड वीडियो के खिलाफ कराई एफआईआर दर्ज

अब तक कई फिल्म स्टार्स डीपफेक वीडियो के शिकार हो चुके हैं। रश्मिका मंदाना, आमिर खान के बाद अब रणवीर सिंह का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया है। इस वक्त चुनाव के माहौल में रणवीर सिंह का डीपफेक वीडियो वायरल है हो रहा है जिसमें वो एक पॉलिटिकल पार्टी को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। एक्टर ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो के खिलाफ अपना रिएक्शन भी दिया है और लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने एआई जेनरेटेड डीपफेक वीडियो के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई है। रणवीर ने साइबर क्राइम सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराई है जिसकी छानबीन में क्राइम ब्रांच टीम जुट गई है। बता दें कि रणवीर सिंह हाल ही में कृति सेनन और मनीष मल्होत्रा के साथ किसी फैशन शो में शामिल होने के लिए वाराणसी पहुंचे थे। इसी बीच एक वीडियो सामने आया जिसमें वह किसी पॉलिटिकल पार्टी के सपोर्ट में बातें करते दिख रहे हैं। हालांकि, गौर से देखेंगे तो पता लगेगा कि वीडियो तो सही है लेकिन ऑडियो के साथ छेड़खानी की गई है। इस वीडियो में एआई के जरिए वॉइस क्लोन की मदद से उनकी बातें बदल दी गई हैं।

## अमिताभ बच्चन ने अलीबाग में खरीदी महंगी प्रॉपर्टी, लोकेशन है शानदार



अमिताभ बच्चन ने इसी साल अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद जमीन खरीदी थी और अब उन्होंने महाराष्ट्र में मुंबई के पास अलीबाग में श्द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा से 10 करोड़ में 10,000 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। सूत्रों ने बताया कि लेनदेन पिछले हफ्ते रजिस्टर किया गया था। सूत्रों ने आगे श्एचटी डिजिटलश को बताया कि अमिताभ बच्चन ने ए अलीबाग नाम के एक प्रोजेक्ट में प्लॉट खरीदा है, जो अलीबाग में 20 एकड़ का प्लॉट डेवलपमेंट है, जिसे पिछले साल अप्रैल में लॉन्च किया गया था। अभिनंदन लोढ़ा के घर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले, ।उपजंजी ठंबीबींद ने अयोध्या में उसी बिल्डर से उसके प्रोजेक्ट द सरयू में एक जमीन खरीदी थी, जिस पर वो अयोध्या में 7 स्टार एन्क्लेव बनाने वाले हैं। रियल एस्टेट इंडस्ट्री के सूत्रों ने कहा था कि जिस प्लॉट पर अमिताभ बच्चन घर बनाना चाहते हैं, वह लगभग 10,000 वर्ग फुट का है और इसकी कीमत 14.5 करोड़ रुपये है। अलीबाग, हाल ही में, लग्जरी रिट्रिट और निवेश के मौकों की तलाश करने वाले लोगों के लिए एक पसंदीदा रियल एस्टेट बनकर उभरा है। मुंबई से पास होने की वजह से भी यह सेलेब्स की सबसे पहली पसंद बना हुआ है।

# भाईजान की सलामती की दुआ मांगने निजामुद्दीन दरगाह पहुंचीं अर्पिता खान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*मुंबई में उनके घर के बाहर गोलियां चलने के बाद सलमान खान सुर्खियां बटोर रहे हैं। घटना के बाद, उनकी बहन अर्पिता खान को नई दिल्ली में निजामुद्दीन दरगाह पर आशीर्वाद लेते देखा गया। यह वीडियो कैद हो गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें अर्पिता खान को प्रार्थना करते और मंदिर की बाकी प्रथाओं में भाग लेते हुए देखा गया है।*



**धागा बांधकर किया सेवा-सत्कार**

वीडियो को पल्लव पालीवाल ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में अर्पिता खान हरे रंग का अनारकली सूट पहनकर दरगाह की ओर बढ़ती नजर आ रही हैं। फैंस कमेंट सेक्शन में दिल वाले इमोजी कमेंट कर रहे हैं। सलमान के घर, गैलेक्सी अपार्टमेंट में रविवार, 14 अप्रैल को गोलीबारी हुई थी। गोलीबारी के कुछ घंटों बाद, लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने इसकी जिम्मेदारी ली। मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि हमले के पीछे लॉरेंस के आदमी थे और इसे रोहित गोदारा ने अंजाम दिया था।

**लहरेंस का ही आदमी था**

मुंबई पुलिस कमिश्नर ने कहा, हम सबूतों के साथ इसकी पुष्टि कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनकी टीमों ने पता लगा लिया है कि हथियार कहां था और उम्मीद है कि जल्द ही इस पर जानकारी मिलेगी। इस बीच गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान के पास पहले दो पीएसओ थे।



अब, उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा के तहत दो कमांडो, दो एस्कॉर्ट वाहन और 11 पुलिसकर्मी दिए गए हैं। हालांकि, इस काफिले में तीन पुलिसकर्मी और एक पीएसओ भी हैं।

**सलीम खान ने कही ये बात**

सलमान ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उनके पिता सलीम खान ने इस घटना के बारे में बात की। उन्होंने कहा– इस बारे में बात करने की क्या बात है। ये जाहिल लोग जो कहते हैं मार देंगे। पता लगेगा ना। मुंबई पुलिस ने हमें और हमारे दोस्तों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है। अगर उन्होंने आज दो लोगों को गिरफ्तार किया है, तो इसका मतलब है कि वे इसमें शामिल हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान आखिरी बार कटरीना कैफ के साथ टाइगर 3 में नजर आए थे।

# टीवी की फेमस एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा को जिम में लगी चोट

*क्रिस्टल डिसूजा को जिम में चोट लगने के बाद उन्हें फौरन क्लिनिक ले गए, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने हेल्थ अपडेट देते हुए सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज भी शेयर की हैं और बताया कि अब उन्हें थोड़ा सा आराम मिला है। वो जिम में वर्कआउट कर रही थीं, जब उनका ये हाल हुआ।*



एक हजारों में मेरी बहना है जैसे फेमस सीरियल में नजर आ चुकीं क्रिस्टल डिसूजा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। उन्हें जिम में वर्कआउट करते समय चोट लग गई। घुटने में तेज दर्द होने पर उन्हें फौरन क्लिनिक ले जाया गया, जहां से उन्होंने अपनी फोटोज शेयर कर हेल्थ अपडेट दिया है, जो वायरल हो रहा है। साल 2007 में कहें ना कहें से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाली झतलेजसम वेब्न्र के साथ ये घटना 20 अप्रैल को हुई। हर दिन की तरह वो रविवार को भी जिम में वर्कआउट करने गई थीं। अचानक उन्हें घुटने में तकलीफ हुई। इसके बाद तेज दर्द होने लगा।

**क्रिस्टल ने कही ये बात**

क्रिस्टल ने कहा, जिम में वर्कआउट करते समय मेरे घुटने में इंजरी हो गई। इस शिकायत के तुरंत बाद उन्हें मेडिकल ट्रीटमेंट देने के लिए क्लिनिक ले जाया गया।

**क्रिस्टल ने शेयर किया हेल्थ अपडेट**

अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने बताया कि पहले से कुछ आराम मिला है। उन्होंने अपने पोस्ट में ये भी बताया कि उन्हें दवाई खाने से नफरत है। पर इस वक्त खानी पड़ रही है।

**कई सीरियल्स में कर चुकी हैं काम**

क्रिस्टल को एक हजारों में मेरी बहना है सीरियल में जीविका वधेरा का किरदार निभाकर पहचान मिली थी। इसके अलावा वो एक नई पहचान, बेलन वाली बहूश जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं।

# गर्मी बढ़ते ही शरीर पर बढ़ गया घमौरियों का प्रकोप



**शहद से दूर भागेंगी घमोरियां**
शहद में एंटीऑक्सीडेंट की हाई मात्रा होती है। इसलिए इसका सेवन और त्वचा पर लगाना, दोनों ही घमौरियों में आराम देता है। शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होते है, जो त्वचा में होने वाली जलन को भी दूर करता है।

*गर्मी के आते ही घमौरियों की समस्या भी बढ़ जाती है। इसे प्रिकली हीट और हीट रैश भी कहा जाता है। जो अक्सर पसीने की ग्रन्थियों के पोर्स बंद होने के कारण हो जाती हैं। यह छोटे-छोटे लाल दाने के आकार में होते हैं और इसमें खुजली व जलन की समस्या भी हो सकती है।*

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है, लेकिन यह सबसे ज्यादा पीठ, सीने, चेहरे और हाथ में देखी जाती है। धूप में निकलने के बाद यह परेशानी और भी दिक्कत देती है। घमौरियां कहीं आपको परेशान न करें, इसलिए बचाव के लिए इन घरेलू उपायों का भी रखें ध्यान।

**कूल बाथ लें**
घमौरियों से बचने के लिए कूल बाथ भी आपकी त्वचा को राहत देती है। इससे आप बंद रोम छिद्र खुल जाएंगे और इससे हीट रैश में आराम मिलेगा।

**डिटॉक्स ड्रिंक पिएं**
घमौरियों से बचने के लिए अपनी बॉडी को डिटॉक्स करें। इसके लिए आप नींबू पानी जैसा डिटॉक्स ड्रिंक रोजाना पिएं। नींबू पानी एक अच्छा डिटॉक्स ड्रिंक हो सकता है, जो आपकी बॉडी को साफ करने और विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**कॉटन के कपड़े पहनें**
घमोरियां की समस्या ज्यादा परेशान न करें, इसलिए ऐसे में कॉटन के कपड़े पहनें, क्योंकि कॉटन में पसीना सोखने के गुण होते हैं। इस मौसम में सिंथेटिक, पॉलिस्टर, रेयॉन और जॉर्जेट आदि फैब्रिक पहनने से बचें।

**नारियल का तेल देगा राहत**
घमौरियां होने पर रात में सोने से पहले आप वर्जिन नारियल का तेल लगाएं। नारियल तेल के एंटीबैक्टीरियल गुण हीट रैशेज को जल्द ठीक करने में मदद करेंगे। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण और तत्व त्वचा की स्थिति को सुधारने में मदद कर सकते हैं।




## ये काम करने से मिलेगा दुनिया का सारा विटामिन बी12

विटामिन की कमी होना बहुत खतरनाक होता है। अगर शरीर की जांच में विटामिन बी12 या विटामिन डी का लेवल कम आया है तो इसे नजरअंदाज ना करें। जहां विटामिन डी डेफिशिएंसी के कारण हड्डियां टूटने लगती हैं, वहीं विटामिन बी12 डेफिशिएंसी नर्वस सिस्टम और नसों को कमजोर बना देती है। लेकिन विटामिन सप्लीमेंट लेने के बाद भी कई बार बी12 या डी बढ़ने का नाम नहीं लेता। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका शेरावत ने इसका उपाय बताया है। उन्होंने बताया कि विटामिन बी12, विटामिन डी और आयरन लेने का एक खास समय होता है। दिन के इस टाइम पर ये विटामिन सबसे ज्यादा मिलते हैं। आइए जानते हैं कि विटामिन को कैसे और कब लेना चाहिए। डॉ. प्रियंका ने विटामिन बी12 को एक वॉटर सॉल्यूबल विटामिन बताया। बी1, बी2, बी6 और बी9 भी इसी की तरह पानी में घुलने वाले विटामिन हैं। विटामिन सी भी ऐसे ही काम करता है। इन्हें असर दिखाने के लिए खाने की जरूरत नहीं होती। ये खाली पेट सबसे ज्यादा अवशोषित होते हैं। इसलिए इन्हें नाश्ते के 1 घंटा पहले या 1 घंटा बाद लेना चाहिए। विटामिन डी फैट सॉल्यूबल होता है तो इसे असर दिखाने के लिए फैट या खाने की जरूरत होती है। इसलिए इसे दिन की सबसे बड़ी मील के बाद लें। दूध के साथ इसका पाउडर सप्लीमेंट लेना ज्यादा असरदार होता है। क्योंकि कैल्शियम के साथ इसका अवशोषण बढ़ जाता है। खून बढ़ाने के लिए आयरन की टैबलेट ब्रेकफास्ट के 1 घंटे बाद लेनी चाहिए।

# सुबह के नाश्ते में खाएं ये चीजें, कम होने लगेगा हार्ट अटैक का खतरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*लोगों में हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ता ही जा रहा है और हार्ट प्रॉब्लम का रिस्क बढ़ाने वाले सबसे बड़े कारको में हाई कोलेस्ट्रॉल भी शामिल है। कोलेस्ट्रॉल कहीं आपकी जिंदगी मे हावी न पड़ जाए, इसलिए इसका बचाव जरूरी है। सबसे पहले आपको यह समझने की जरूरत है कि कोलेस्ट्रॉल क्या है, इसके बाद ही अपने लिए सही डाइट का चुनाव कर पाएंगे। कोलेस्ट्रॉल एक वैक्सी सब्सटांस की तरह है, जिसका निर्माण लिवर द्वारा होता है। जब कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है तो फैटी डिपोजिट आर्टरीज में बनने लगते है। फिर विभिन्न अंगों के ब्लड सर्कुलेशन में रूकावट आने लगती है, जो हार्ट अटैक और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। हाई कोलेस्ट्रॉल का सबसे बड़ा कारण होता है, हमारा गलत खानपान। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट में उन चीजों को शामिल करें, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को न बढ़ाएं। आइए जानते हैं कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखने के लिए सुबह का नाश्ता कैसा होना चाहिए।*

**ओट्स**
ओट्स आपके हार्ट और ओवरऑल हेल्थ के लिए सबसे अच्छा सुबह का नाश्ता है। ओट्स फाइबर का अच्छा सोर्स है, इसमें सॉल्युबल फाइबर होता है और डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में मौजूद एलडीएल कोलेस्ट्रॉल से अटैच हो जाता है। जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल शरीर से आसानी से बाहर निकल जाता है।



**व्होल ग्रेन सैंडविच**
व्होल ग्रेन सैंडविच भी आपके ब्रेकफास्ट के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आपको हाई फाइबर, लो कैलोरी और विटामिन जैसे कई पोषक तत्व मिलेंगे। ये वेट लॉस करने वालों के लिए भी अच्छा ब्रेकफास्ट है। इसका सेवन करके कई फायदे मिल सकते हैं।

**आलमंड मिल्क**
आलमंड मिल्क यानी की बादाम का दूध आपके हेल्थ के लिए बहुत अच्छा है। इसमें हेल्दी फैट्स, फाइबर, मैग्नीशियम और विटामिन ई की अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसमें मौजूद गुण एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम कर सकते हैं और दिल की बीमारी से बचाते हैं।

**योगर्ट विद फ्रूट्स**
फ्रूट्स के साथ योगर्ट का सेवन सुबह के नाश्ते में काफी फायदेमंद है। इसके लिए आपको लो फैट योगर्ट लेना है और इसमें फलों को काटकर मिलाना है। यह प्रोबायोटिक्स का एक अच्छा स्रोत है, जो आपके पाचन को सुधारते हैं और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**मूंगफली**
मूंगफली में मोनोअनसैचुरेटेड्स और पोलीअनसैचुरेटेड्स फैट होते हैं। इन्हें गंदे कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हुए देखा गया है। इसमें फाइबर के साथ प्रोटीन की भी हाई मात्रा पाई जाती है।

## डॉ. विकास दिव्यकीर्ति ने इस चीज को बताया डायबिटीज की असली वजह

डायबिटीज एक साइलेंट किलर है, जो धीरे–धीरे सारे अंगों को खराब कर सकती है। इसमें ब्लड शुगर बढ़ने लगता है और पेशाब, नस और किडनी के रोग पनपने लगते हैं। ये बीमारी अगर एक बार पुरानी हो जाए तो इसे संभालना बहुत मुश्किल काम है। इसके मरीज अस्पतालों के चक्कर काटते रह जाते हैं। ज्यादा मीठा खाना इसकी वजह मानी जाती है। मगर डॉ. विकास दिव्यकीर्ति ने डायबिटीज का असली कारण कुछ और बताया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के एक कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को बताया कि बच्चे बोलते हैं कि चीनी खाने से डायबिटीज होती है। बेकार बात है, डायबिटीज स्ट्रेस से होती है। डायबिटीज होने के बाद चीनी खाना मना है। चीनी खाने से किसी को डायबिटीज नहीं होती, यह तनाव से होती है। अत्यधिक तनाव लेना कई सारी बीमारी की जड़ हो सकता है। टाइप 2 डायबिटीज और स्ट्रेस के बीच का रिश्ता कुछ सबूत बताते हैं। स्ट्रेस का अधिक स्तर पैंक्रियाज की इंसुलिन हॉर्मोन बनाने वाली सेल्स को काम करने से रोक सकता है। जिसकी वजह से ब्लड शुगर बढ़ सकता है।

## शरीर के लिए किसी जादुई टॉनिक से कम नहीं अंगूर का जूस



क्या आपको पता है कि अंगूर का जूस आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है? अंगूर के जूस के अपने कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यहं विटामिन सी, अन्य विटामिन, मैंगनीज और एंटीऑक्सिडेंट सहित कई महत्वपूर्ण पोषक तत्वों का एक अच्छा स्रोत है। हालांकि, इसमें नेचुरल शुगर की हाई मात्रा पाई जाती है, जो शुगर के लेवल को बढ़ा सकती है। इसलिए हाई डायबिटीज वालों को जूस के बजाए साबुत आंगूर खाने की सलाह दी जाती है, लेकिन इसके स्वास्थ्य लाभ बहुत हैं। यह अच्छे हार्ट हेल्थ के से लेकर कई बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। अंगूर में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा, आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में मदद करते हैं, जिससे आपका शरीर बीमारियों से लड़ पाता है और कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है। अंगूर के जूस में प्रोएंथोस्यानिडींस नामक तत्व पाया जाता है, यह गुण हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। अंगूर के सेवन से हड्डियों से जुड़ी समस्या ऑस्टियोअर्थराइटिस की भी आराम मिलता है। अंगूर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पॉलीफेनोल्स हमारे हृदय स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करते हैं, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।



आईपीएल 2024 में नरेन का प्रदर्शन

सुनील नरेन के लिए आईपीएल 2024 का सीजन अब तक शानदार रहा है। केकेआर के लिए टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने आए सुनील नरे ने सात मैचों में 40.86 की औसत और 176.54 के स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। वहीं, उन्होंने गेंद से भी कमाल दिखाया और 9 विकेट झटके। केकेआर की टीम प्वाइंट्स टेबल में इस समय दूसरे स्थान पर काबिज है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2024 में घर से टीम का समर्थन करेंगे नरेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपने संन्यास से यू-टर्न लेने के दरवाजे बंद कर दिए हैं। मौजूदा आईपीएल में केकेआर के लिए गेंद व बल्ले दोनों से धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले नरेन ने संन्यास से वापसी करने से इंकार कर दिया है। याद हो कि पिछले साल सुनील नरेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। हालांकि, 36 साल के नरेन ने मौजूदा आईपीएल सीजन में शानदार प्रदर्शन करके सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। कई लोगों ने सुनील नरेन को वापसी करने के लिए जोर दिया। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने हाल ही में कहा था कि वो नरेन से वापसी करने के बारे में एक साल से ज्यादा समय से बातचीत कर रहे हैं। उनकी कोशिश ऑलराउंडर को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए राजी करने की होगी। हालांकि, सुनील नरेन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान जारी करके कहा कि वो संन्यास से वापसी करके टी20 वर्ल्ड कप में खेलने की गुजारिश के बारे में जानकर काफी खुशी महसूस कर रहे हैं। नरेन ने कहा कि वो अपने फैसले से संतुष्ट हैं और टीम का समर्थन घर से करेंगे।

# मैच हारो, मुस्कुराओ, बकवास करो और दोहराओः स्टेन

क्रिकेट

## महान तेज गेंदबाज ने हार्दिक पांड्या की जोरदार उड़ाई खिल्ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने खिलाड़ियों पर भड़ास निकाली है, जो आईपीएल में जीत या हार के बाद अपनी भावनाएं जाहिर करने के बजाय सुरक्षित बातें कहते हुए नजर आ रहे हैं। स्टेन ने एक्स (पहले ट्विटर) पर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर तंज कसते हुए उनकी खिल्ली उड़ाई, जो मैच के बाद मुस्कुराते हुए अपने शांत अंदाज में दिखे।

बता दें कि मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों 8 गेंदें शेष रहते 9 विकेट की करारी शिकस्त सहनी पड़ी। जयपुर में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करके 20 ओवर में 179/9 का स्कोर बनाया। जवाब



में राजस्थान ने 18.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। मैच के बाद हार्दिक पांड्या से पूछा गया कि अपनी टीम के खिलाड़ियों के बारे में क्या कहेंगे। जवाब में पांड्या मुस्कुराए और कहा कि खिलाड़ियों की आलोचना करने का यह सही समय नहीं है क्योंकि टीम में सभी पेशेवर हैं। डेल स्टेन खिलाड़ियों की इस तरह की बयानबाजी से खिसिआए, जिसमें कप्तानों ने कहा कि प्रक्रिया पर विश्वास है, बेसिक्स पर डटे रहेंगे। डेल स्टेन ने एक्स पर पांड्या सहित अन्य क्रिकेटरों से मैच के बाद ज्यादा तथ्यपूर्ण रहने की गुजारिश की। स्टेन ने पोस्ट किया, मेरा ध्यान उन दिनों पर है, जब खिलाड़ी ईमानदारी से बताएं कि उनके दिमाग में क्या है। इसके बजाय सुरक्षित बातें कहकर हम खुद और अपने दिमाग को बेवकूफ बनाएं, अगला मैच हारे, मुस्कुराए और फिर वो ही बकवास दोहराएं।

बता दें कि मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस को राजस्थान रॉयल्स के हाथों लगातार दूसरी शिकस्त मिली। वैसे, मुंबई की यह मौजूदा सीजन में 8 मैचों में पांचवीं हार है। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। वहीं राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष पर कब्जा बरकरार है।

# खिलाड़ियों ने इंपैक्ट प्लेयर नियम पर जताई नाखुशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर पटेल का मानना है कि आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम आने से उनका बल्लेबाजी क्रम प्रभावित हुआ है, जबकि मुकेश कुमार चाहते हैं कि अगर इस नियम से गेंदबाजों को मदद नहीं मिलती है, तो इसे हटा देना चाहिए। लेकिन सौरव गांगुली का कहना है कि 12 खिलाड़ियों के मैच में केवल सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर ही बच पाएंगे।

हाल ही में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा था कि वह इस नियम के बड़े प्रशंसक नहीं हैं और इससे भारतीय ऑलराउंडरों की क्षमता प्रभावित हो रही है। इंपैक्ट प्लेयर नियम 2023 में लाया गया था, जिसमें दोनों टीमें प्रत्येक पारी में अपनी मांग के अनुसार किसी

■ऑलराउंडर की भूमिका पर पड़ा प्रभाव

एक बल्लेबाज या गेंदबाज को सब्सिट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतार सकती हैं।

अक्षर ने कहा, जो भी नियम बना रहे हैं, वे सोच रहे हैं कि सब कुछ बल्लेबाजों की सुविधा के अनुसार ही काम करे। निश्चित रूप से इससे गेंदबाजों को मुश्किल हो रही है। इन नियम के चलते टीम को एक अतिरिक्त बल्लेबाज मिलता है तो उसे लगता है कि अगर उसकी बल्लेबाजी इकाई अच्छी नहीं चलती तो वह बल्लेबाज का उपयोग करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, और जो भी बल्लेबाजी पर आता है वह पहली ही गेंद से प्रहार करता है क्योंकि वह जानता है कि उसके पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी है। इसलिए मुझे ये नियम पसंद नहीं है क्योंकि एक ऑलराउंडर के रूप में मैं जानता हूं कि टीम या तो बल्लेबाज को चुनेगी या फिर गेंदबाज को, एक ऑलराउंडर को नहीं।

वहीं डेविड वॉर्नर ने कहा कि इस नियम से टी-20 में ऑलराउंडर की भूमिका कम हुई है। तेज गेंदबाज मुकेश ने कहा कि गेंदबाजों के लिए यह अनुचित है। अगर आप चार विकेट ले भी लेते हो तो कोई बल्लेबाज मैच को बदल सकता है। हालांकि गांगुली और पॉटिंग अलग सोचते हैं। गांगुली ने कहा कि एक अच्छा ऑलराउंडर हमेशा ही अंतिम एकादश में जगह बनाएगा। आप देखो हार्दिक खेल रहे हैं। राशिद खान हमेशा एकादश का हिस्सा होते हैं।

## हार्दिक पांड्या ने बड़ी गलती का किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस को मौजूदा सीजन में मुंबई को लगातार दूसरी बार रॉयल्स के हाथों पटखनी मिली। मैच के बाद हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की गलती का खुलासा किया। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मैच के बाद कहा कि उनकी टीम ने शुरुआत में ही खुद को परेशानी में डाल दिया था और इसके चलते एमआई 10-15 रन कम बना सकी। हमने शुरुआत में खुद को मुसीबत में डाल दिया था। मगर तिलक वर्मा (65) और नेहल वाढेरा (49) ने जिस तरह बल्लेबाजी की, वो शानदार था। हमने अच्छी तरह पारी का अंत नहीं किया और यही वजह रही कि हम 10-15 रन पिछड़ गए। यह हमारा मैदान में सर्वश्रेष्ठ दिन नहीं था। हमने मैदान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं किया। हर किसी को अपनी भूमिका पता है। हमनें अपनी गलतियों को सुधारना होगा और इसे नहीं दोहराना होगा।

## न्यूज डायरी



### शाहीन अफरीदी ने मोहम्मद रिजवान की तुलना डॉन ब्रेडमैन से की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में सबसे तेज 3000 टी20 इंटरनेशनल रन पूरे करने का कीर्तिमान स्थापित किया था। वैसे, बाबर आजम के बाद मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के दूसरे बैटर बने, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 3000 रन का आंकड़ा पार किया। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर मोहम्मद रिजवान की तारीफ करते हुए उनकी तुलना महान डॉन ब्रेडमैन से कर दी। शाहीन अफरीदी ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर लिखा कि रिजवान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के ब्रेडमैन हैं और उन्हें रिकॉर्ड की बहुत शुभकामनाएं दी। शाहीन अफरीदी ने मोहम्मद रिजवान को शुभकामनाएं– टी20 क्रिकेट के ब्रेडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन, जिन्होंने 3000 टी20 इंटरनेशनल रन बनाए। आपके प्रभाव ने खेल को बदला और संदेह करने वालों को चुप कराया। लगातार ऊर्जावान बने रहे हैं चैंपियन। आप कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं। भले ही रिजवान ने सबसे कम पारियों में 3000 रन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए हो, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट सबसे खराब में से एक रहा है। यही वजह रही कि सोशल मीडिया पर शाहीन अफरीदी का यूजर्स ने जमकर मजाक उड़ाया।

### संजू सैमसन को बनाया जाए टीम इंडिया का कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 38वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने एकतरफा मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। मुंबई से मिले 180 रन के लक्ष्य को राजस्थान ने सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल किया। इस मैच में आरआर के कप्तान संजू सैमसन ने 38 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने 104 रन की शतकीय पारी खेली। इस सीजन संजू सैमसन की अगुवाई में आरआर ने खेले अब तक 8 मुकाबलों में सात मैचों में जीत दर्ज की है। संजू सैमसन की कप्तानी ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को प्रभावित किया है। हरभजन सिंह ने एक्स पर लिखा, यशस्वी जयसवाल की पारी इस बात का प्रमाण है कि क्लास परमानेंट है। फॉर्म टेंपरेरी है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए संजू सैमसन को टीम इंडिया में जगह मिलनी चाहिए। वहीं, रोहित शर्मा के बाद संजू सैमसन को टी20 में टीम इंडिया का कप्तान बनाया जाना चाहिए। क्या इस बात पर कोई शक है? संजू सैमसन ने खेले अब तक 8 मैचों में 62.80 के औसत और 152.42 के स्ट्राइक-रेट के साथ 314 रन बनाए हैं। इस सीजन वो अब तक 3 अर्धशतक जड़ चुके हैं।

### युजवेंद्र चहल ने 200 आईपीएल विकेट लेकर रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। भारत और राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग में 200 विकेट पूरे करने वाला पहला गेंदबाज बनकर इतिहास रच दिया। दाएं हाथ के इस लेग स्पिनर ने यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल मुकाबले की पहली पारी के दौरान अफगानिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद नबी को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। चहल ने अपनी ही गेंद पर नबी का कैच लपका। इस पर उनकी वाइफ धनश्री वर्मा का रिएक्शन आ गया है। क्रिकेटर की डांसर-कोरियोग्राफर वाइफ ने मैजिकल मोमेंट का वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- वेल डिजर्व। आईपीएल इतिहास में 200 विकेट झटकने वाले पहले गेंदबाज। अभी बहुत कुछ बाकी है...। महान हैं वह। मैं तो पहले से बोल रही हूं। वर्ष 2013 में आईपीएल में पदार्पण करने वाले चहल अब तक मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर सहित तीन टीमों के लिए खेल चुके हैं। चहल पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व गेंदबाज ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाज बने थे। चहल ने 2013 में अपना आईपीएल डेब्यू किया और अपने 153वें गेम में इस मुकाम पर पहुंचे। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले चहल इस आईपीएल सीजन-13 में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। केवल दो अन्य व्यक्ति पहले किसी टी20 टूर्नामेंट में 200 विकेट तक पहुंचे हैं। डैनी ब्रिग्स और समित पटेल ने इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में यह कारनामा किया है।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सेंट जार्ज दिवस पर छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**संवाददाता** देहरादून। सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी में सेंट जॉर्ज दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बद्रर रमेश अमलानाथन और स्पोर्ट्स सेक्रेटरी इसीडोर टिर्की ने किया। इस मौके पर सेंट जार्ज के जीवन पर आधारित मनमोहक नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य रमेश अमलानाथन ने इमेज माइंडस् के माध्यम से बनाई गई सेंट जॉर्ज की पेंटिंग का अनावरण किया। विद्यालय के क्वॉयर ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के द्वारा भी सेट जॉर्ज के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र–मुग्ध कर दिया।

### आईटीबीपी में 26 को शामिल होंगे 53 अफसर

**संवाददाता** देहरादून। आईटीबीपी अकादमी परेड ग्राउंड में आगामी 26 अप्रैल को पासिंग आउट परेड आयोजित की जायेगी जिसमें 53 राजपत्रित अधिकारी 54वें कंबोटाइजेशन कोर्स के बाद बल की मुख्यधारा में शामिल होंगे। आईटीबीपी अकादमी के सेनानी प्रशासन सोभन सिंह राणा ने बताया कि 26 अप्रैल को होने वाली पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि आईटीबीपी के महानिदेशक आईपीएस राहुल रसगोत्रा मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार सीधी भर्ती के साथ 54वें कंबोटाइजेशन कोर्स को सफलता से पूरा करने के बाद 53 राजपत्रित अधिकारी परेड के बाद बल की मुख्यधारा में बल व देश सेवा के लिए शामिल किए जायेंगे।

### डीबीयूयू बना टेक्नो फेस्ट का चैंपियन

**संवाददाता** देहरादून। देव भूमि उत्तराखंड विवि अंतरराष्ट्रीय टेक्नो फेस्ट नवधारा का चौंपियन बना है। जबकि यूपीईएस इसमें दूसरे स्थान पर रहा। देवभूमि उत्तराखंड विवि में चल रहे इस दो दिवसीय फेस्ट और हायर एजुकेशन कान्क्लेव का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान विजेता टीमों को पांच लाख के इनाम भी दिए गए। दो दिन तक चले नवधारा टेक्नो फेस्ट में देशभर की लगभग 100 से अधिक टीमों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए वर्किंग मॉडल्स प्रदर्शित किये।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन पेश करने की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा फॉर्च्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस सबसे प्रशंसित एसयूवी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए, टीकेएम ने आज भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी–मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड–ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है।

# टॉपर छात्र–छात्रों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिया मेडल

**दीक्षांत समारोह**

■ एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, परमार्थ निकेतन की गंगा आरती में भी हुई शामिल

**संवाददाता**

देहरादून। ऋषिकेश एम्स का चौथा दीक्षांत समारोह मंगलवार को आयाजित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उनके हाथों टॉपर छात्र–छात्रों को मेडल दिए गए। दीक्षांत के बाद राष्ट्रपति परमार्थ निकेतन की गंगा आरती में भी शामिल हुई। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देहरादून, पौड़ी और टिहरी जिला प्रशासन अलर्ट है। दीक्षांत समारोह में 14 स्वर्ण पदक सहित कुल 16 पदक दिए गए। कुल 598 छात्र–छात्राओं को उपाधि वितरित की गई।

वही भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त), उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह और माननीय राष्ट्रपति जी की सुपुत्री इतिश्री मुर्मू परमार्थ निकेतन पधारे। परमार्थ निकेतन में दोनों




दिव्य विभूतियों का शंख ध्वनि, पुष्पवर्षा और वेदमंत्रों से दिव्य अभिनन्दन किया। श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ाष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल गुरमीत सिंह जी ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती के पावन सान्निध्य में विश्व विख्यात गंगा आरती में सहभाग किया। परमार्थ निकेतन के दिव्य प्रांगण में स्वामी जी की साधना स्थली में विराजित माँ लक्ष्मी जी प्रतिमा को पुष्पहार अर्पित कर राष्ट्रपति ने शक्ति के प्रति श्रद्धा और भक्ति समर्पित की।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि परमार्थ आश्रम, माँ गंगा के सन्निकट में गंगा आरती के इस पावन अवसर पर यहां उपस्थित परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज, उत्तराखंड के राज्यपाल महोदय और उपस्थित आश्रम के सभी अनुयायीगण, आज इस पावन अवसर पर यहां उपस्थित होने के लिये आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ। आज एक संयोग है कि आज हनुमान जयंती भी है, मंगलवार भी है और पूर्णिमा भी है। इस पावन दिवस में और इस पावन अवसर पर गंगा जी की आरती के समय आप सभी से मिलकर मैं अपने आप को धन्य महसूस कर रही हूँ। आप ने इस पावन अवसर पर बुलाया यह एक संयोग ही है। मुझे पता नहीं था कि आज इतना अच्छा दिन है। ये मेरे लिये माँ गंगा का आशीर्वाद ही होगा। परमार्थ गंगा आरती में मैं दूसरी बार सहभाग कर रही हूँ। पुनः मैं धन्यवाद देना चाहती हूँ कि इस पावन अवसर पर आप ने मुझे बुलायाय गंगा जी ने मुझे बुलाया।

### गंगा में तीन बजे के बाद बंद हुई राफ्टिंग

ऋषिकेश। ऋषिकेश में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने 3:00 बजे के बाद गंगा में रिवर राफ्टिंग की गतिविधि पर रोक लगा दी है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी नरेंद्र नगर की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू मंगलवार को अखिल भारतीय और विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश के दीक्षा समारोह में शामिल हुई। यहां से वह परमार्थ निकेतन की गंगा आरती में शामिल होने गई। राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए टिहरी गढ़वाल जिला प्रशासन ने गंगा में राफ्टिंग पर रोक लगा दी है। मंगलवार की शाम 3:00 से गंगा में राफ्टिंग बंद रहेगी। राष्ट्रपति के सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया गया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने गंगा में होने वाली राफ्टिंग की गतिविधि पर भी साइन 3:00 बजे के बाद रोक लगा दी है।

# जयश्री राम के जयकारों से गूंज उठी राजधानी

**शोभायात्रा**

■ निकली भव्य शोभायात्रा, जगह–जगह सुंदरकांड पाठ

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी देहरादून जयश्री राम के जयकारों से गूंज उठी। शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं देहरादून सहित प्रदेशभर के अलग–अलग हिस्सों में सुंदरकांड पाठ किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भव्य सजावट की गई। शहर में कई स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई तो मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। शहर में कई जगह भंडारे भी लगाए गए।

मंगलवार को राजधानी दून में



हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। झाझरा के श्रीबालाजी धाम में सवा 11 मन का लड्डू बनाकर भोग लगाया गया। इसके साथ ही यहां हनुमानजी को सोने का चोला चढ़ाया गया। दून के श्रीपृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में हनुमानजी की पूजा की गई।

इसके अलावा मंदिर में विराजमान पंचमुखी सिंदुरिया हनुमानजी को चांदी का चोला चढ़ाया गया। यहां हनुमान जी को 51 किलो तिरंगा लड्डू का भोग लगाया गया। प्रेमनगर के श्रीसनातन धर्म मंदिर में हनुमान जी को नया चोला पहनाया गया। इसके बाद बेसन और बूंदी के लड्डू का भोग लगाया गया। वहीं यमुनोत्री धाम में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर हनुमान मंदिर के पुजारी भरत महाराज की अगुवाई में पूजा अर्चना कर कीर्तन भजन किए गए। कर्णप्रयाग में भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर झांकी निकाली गई। मंदिरों और घरों में सुंदरकांड पाठ किया गया।

ग्राम धोलास स्थित श्रीधोलेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड का पाठ किया गया। यहां आचार्य डॉ. बिपिन जोशी के सानिध्य में पंडित कमल जोशी ने पूजा कराई। इससे पहले मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी श्रीहनुमान जी को सिंदूर का चोला अर्पित किया और नए वस्त्र–आभूषण धारण कराए गए। शिवसेना की ओर से नेहरू ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शिवसैनिकों ने जयश्रीराम के जयकारे लगाए।

### कांग्रेस सरकारों में देश की आंतरिक सुरक्षा को पहुंचा आघात: महाराज

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कांग्रेस सरकारों में देश की आंतरिक सुरक्षा को बड़ी चोट पहुंची है। मोदी सरकार ने अब इसे दुरस्त ही नहीं किया, बल्कि दुनिया के सामने देश का गौरव भी बढ़ाया है। रायपुर और कांकरे लोकसभा क्षेत्र (छत्तीसगढ़) में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं में महाराज ने कहा कि कांग्रेस सनातन विरोधी है। उसके सहयोगी सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए अक्सर विवादित बयान देते रहे हैं। अब वे भारत को जाति के आधार पर विभाजित करने के साथ–साथ विकास में बाधा डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और फिर भाजपा ने अपने 15 साल के कार्यकाल में इसे निरंतर संवारने का काम किया। कांग्रेस को हराकर भाजपा ने प्रदेश में फिर से अपनी सरकार बनाई और आदिवासी समाज से पहला मुख्यमंत्री भी दिया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।